हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 4 अप्रैल 2024



तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

गर्मी बढ़ते ही खैरपुर और जामगांव के जंगलों में लगी आग





## खबर संक्षेप

### निर्वाचनः नाम निर्देशन प्रशिक्षण आज

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के संलग्न हेतु नाम निर्देशन पत्रों को प्राप्त किया जाना है, उनकी समीक्षा अभ्यर्थियों का नाम वापसी एवं विधिमान्य नाम निर्दिष्ट अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने और उससे संबंधित अन्य कार्य के लिए कर्मचारियों-अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नाम निर्देशन शाखा के अधिकारी कर्मचारियों की आवश्यक प्रशिक्षण 4 अप्रैल को प्रातरू 11 बजे से जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल, विकास रंजन सिन्हा एवं संगणक छतराम महिलाने द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। नियुक्त जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को आवश्यक पीपीटी तैयार कर प्रशिक्षण के पूर्व नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स को पीपीटी उपलब्ध कराते हुए प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया लू के लिए अलर्ट

**रायगढ़।** जिले में तापमान में वृद्धि हो रही है। तापमान बढने से लू का प्रभाव शुरू हो चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लू के लिए अलर्ट करते हुए उसके प्रभाव से बचने के लिए सावधानियां बरतने को कहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीके चंद्रवंशी ने लोगों को लू से बचाव के लिए सतर्कता बरतने एवं प्रारंभिक उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घर पर भी प्रारंभिक उपचार की जा सकती है, जैसे तेज बुखार आने पर सिर में ठंडे पानी की पट्टी लगाएं, पानी व तरल पदार्थ अधिक लें, फिर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। लू के मरीजों के लिए उपचार की पर्याप्त व्यवस्था है। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओरल रिहाईड्रेशन थेरेपी कार्नर की स्थापना की गई है।

### सीएमएचओ ने ली सभी बीएमओ की बैठक



**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीके चंद्रवंशी की अध्यक्षता में बुधवार को स्वास्थ्य कार्यालय के आरोग्यम सभाकक्ष में जिला कार्यक्रम प्रबंधक समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी राष्ट्रीय कार्यक्रम के समस्त नोडल अधिकारी के साथ समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम की मासिक समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग में संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, राष्ट्रीय कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह एवं स्ट्रोक नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम, राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। परिवार नियोजन, सिकलसेल कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, एकीकृत निगरानी कार्यक्रम बीमारी रोकथाम, राज्य नोडल एजेंसी तथा आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन, एनएचएम अंतर्गत वित्तीय प्रगति, कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हाईरिस्क गर्भवती माताओं के फालोअप, खान पान, दवा की काउंसिलिंग करने के लिए निर्देशित किया गया।

### मतदान के लिए उद्योग श्रमिकों को मिलेगा अवकाश

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 को संपन्न कराने के लिए छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में अर्थात 19 अप्रैल, 26 अप्रैल एवं 7 मई को मतदान कराया जा रहा है। जिसके तहत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र में 7 मई 2024 को मतदान होना है। इस संबंध में कारखाना अधिनियम 1948 तथा दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत आने वाले कारखानों स्थापनाओं में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक कर्मचारियों को लिए मतदान के दिन राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अवकाश घोषित किया गया है। प्रभारी सहायक श्रमायुक्त रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते है, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते है, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए है। साथ ही दीगर राज्यों के मतदाता जो रायगढ़ जिले में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में नियोजित है, ऐसे नियोजित कार्यरत संबंधितों को भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाना है।

---

### व्यापारियों के अनुरोध पर मिली जगह खाली करने की मोहलत

# सर्किट हाउस के करीब अवैध व्यावसायिक कब्जे हटाने पहुंचा निगम अमला, समझाइश देकर लौटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





व्यापारियों को समझाइश देते निगम के अफसर।

बुधवार शाम शहर के सर्किट हाउस के करीब बढते अवैध अतिक्रमण पर निगम का तोडू दस्ता पूरी तैयारी के साथ कार्रवाई करने उतरा था जिसे देख गरीब व्यवसायी इतन घबरा गये कि अतिक्रमण ध्वस्त करने पंहुचे निगम के अधिकारियों के आगे करजोरी करते नजर आए। निगम प्रशासन के अतिक्रमण प्रभारी सूरज देवांगन ने काबिज व्यवसायियों को कड़े शब्दों में स्वतः ही व्यवसाय समेटने व जगह खाली करने की समझाईश दी वहीं व्यवसायियों ने भी मोहलत मांगते हुए जल्द अपना सामान समेटने का भरोसा दिलाया।

गौरतलब है कि सर्किट हाउस के पास सडक के दोनो ओर व्यवसायिक कब्जा है और करीब मे स्थित विद्यालय ये खुलने ओर छुट्टी के दौरान भीड़ बढ जाने से आवागमन भी बाधित होता है। इसके अलावा इस क्षेत्र में शासन की रिक्त भूमि पर लघु व्यवसायियों के अलावा भू माफियाओं का भी कब्जा लगातार बढ रहा है। सूत्र बताते हैं कि दबंग और झगडालू किस्म के लोग इस क्षेत्र में व्यवसाय की जगह और कब्जा दिलाने के एवज में मोटी रकम वसूल रहे हैं। गौरतलब है कि नगर निगम ने इससे पहले भी सर्किट हाउस व मरीन ड्राईव मार्ग में अवैध अतिक्रमण पर तोडफोड की कार्रवाई करते आ रहा है किंतु कार्यवाही के कुछ समय बाद कब्जाधारी दोबारा अवैध अतिक्रमण कर काबिज हो जाते हैं। यही वजह है कि साल भर पहले हर शुक्रवार अवैध अतिक्रमण पर निरंतर कार्रवाई के बावजूद हर चौक चौराहों पर व्यवसायिक कब्जा पहले से दोगुना हो गया है। अवैध कब्जे ने न केवल शहर की सडकों का दायरा संकुचित कर दिया है बल्कि नगर को बदसूरत भी बना दिया है।

शहर में निर्धारित बाजार स्थल नहीं होने और निगम के ही चंद छुटभैये नेताओं और प्रशासनिक कर्मचारियों की सह पर लगातार बाजार और रिहायशी इलाकों में अवैध अतिक्रमण बदस्तूर जारी है। बहरहाल सर्किट हाउस क्षेत्र में काबिज व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों ने निगम प्रशासन से मोहलत मांग ली है और उन्हें समय भी मिल गया है, लेकिन इस पर दोनो पक्षों की ओर से एक्शन कब तक और कितना कारगर होता है और इलाका अतिक्रमण मुक्त होता है या नहीं ! यह देखने वाली बात होगी।

---

## 25 दिन बाद भी ठगी के आरोपी तक नहीं पहुंच पाई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसीवां

लोगों के पैसे चंद माह में डबल करने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाले सरसींवा के रायकोना निवासी शिवा साहू के गिरेबान तक अभी भी पुलिस के हाथ नहीं पहुंच सके हैं। हालांकि करीब 25 दिन पहले पुलिस ने दर्ज शिकायत के आधार पर आरोपी के पास से दर्जनों लग्जरी वाहन को जब्त करते हुए शिवा के परिवार जनों को थाने लाकर पूछताछ भी की थी, किन्तु असल आरोपी का पुलिस अब तक सुराग नहीं लगा सकी है। स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस की भूमिका को संदेहास्पद नजरों से देखा जाने लगा है।

- दर्जनों वाहन जब्त, शिवा साहू अभी भी फरार

शिवा साहू एक साधारण परिवार में जन्मा और पला बढ़ा है । उसकी शिक्षा गांव से लेकर शिशु मंदिर में पढ़ाई हुई है। शिवा साहू ने दो सालों में अपना जाल ऐसा फैलाना शुरू किया और देखते ही देखते पुरे छत्तीसगढ़ में फेमस हो गया। और एक अपना गैंग बना कर अपना ठगी का ब्यपर शुरू किया और अपने साथ अपने गांव के 15-20 लड़कों को साथ रख कर लोगों को को गुमराह कर 1ए लाख रुपए का पर महीने 30 प्रतिशत के हिसाब से लोगों को लालच देकर कितने लोगों से रकम 8 माह में दुगना करने ठगी कर कितने करोड़ों रूपए का काला साम्राज्य बनाया होगा अपनी काली कमाई से अपने परिवार वाले और अपनें क़रीबी रिश्तेदारो के नाम पर अनेको स्थान न जाने कितने जगह जमीन खरीदा गया है जिसका खुलासा शिवा साहू के पकड़े जाने बाद सरसीवां पुलिस खुलासा करेगी।

#### पतासाजी जारी

शिव साहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से अपने कुछ साथियों के साथ फरार है, आसपास के गांव में उसके रिश्तेदारों के यहां पता शादी किया जा रहा है जैसे ही पुख्ता सूचना मिलेगी उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

-टीका राम खटकर
थाना सरसींवा।

---

## कांग्रेस नेता पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते 31 मार्च की रात 9 से 10 बजे के दरमियान एक चौंकाने वाली घटना में रायगढ़ शहर कांग्रेस के महामंत्री राजकुमार मौर्य पर टीवी टावर क्षेत्र के रहवासी राजाराम डनसेना ने भारी डंडे से जानलेवा हमला कर दिया जिससे राजकुमार के सिर पर घातक चोटें आई हैं।

घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार टीवी टावर रोड में नंदलाल मौर्य के घर में किराए से रहने वाले राकेश कुमार पिता शौकीलाल श्रीवास्तव ने चक्रधरनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि 31 मार्च की रात 9 बजे के आसपास वह राजकुमार मौर्य के साथ टीवी टावर में रोड स्थित जायसवाल पान ठेले से पान गुटखा लेने गया था। ठेले के पास ही राजाराम डनसेना और उसका पुत्र चिंटू उर्फ अरविंद डनसेना आपस में लड़ रहे थे जिसे बाकी लोगों के साथ वे लोग भी देख रहे थे। इतने में राजाराम डनसेना ने तुम लोग क्या देख रहे हो कहते हुए गंदी गंदी गालियां देना शुरू कर दिया जान से मारने की धमकी देते हुए राजकुमार मौर्य पर डंडे से वार करना शुरू कर दिया। इस हमले से राजकुमार मौर्य का सिर बुरी तरह से फट गया और खून निकलने लगा। इसके बाद राजाराम डनसेना जान से मारने की धमकी देने लगा। इस तमाम घटना को सत्यनारायण गुप्ता ने भी देखा। राजकुमार पर हुए हमले की जानकारी उनके भाई अमित कुमार मौर्य को दी गई और राजकुमार को अस्पताल दाखिल कराया गया। इस घटना से भयभीत राकेश श्रीवास्तव ने चक्रधरनगर थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस को अब राजकुमार मौर्य के डॉक्टरी मुलाहिजे का इंतजार है, जिसके बाद विधिसम्मत धाराओं के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में नवीनतम घटनाक्रम में रिपोर्टकर्ता राकेश श्रीवास्तव को किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर पुलिस के नाम पर धमकाने और रिपोर्ट वापस लेने की बात भी सामने आई है जिसकी सूचना चक्रधनगर थाने में दी गई है।

चक्रधर नगर थाने में दर्ज हुई शिकायत



#### जान से मारने की धमकी

इस संबंध में पीड़ित ने बताया कि उसे आरोपी ने पूर्व में भी जान से मारने की धमकी दी थी। होली के दिन आरोपी का बेटा अपने सभी कपड़ों को खोलकर निर्वस्त्र होकर मोहल्ले में डांस कर रहा था इस पर पीड़ित ने उसे समझाते हुए उसके पिता से इस बात की शिकायत की थीए जिस पर आरोपी ने कहा था कि हम लोग जो चाहेंगे वह करेंगे तुम बोलने वाले कौन हो साथ ही यह भी धमकी दी कि हमारे मामलों में आओगे तो तुम्हें जान से मार देंगे।

---



### पुसौर की बालिका पं. बंगाल से बरामद, एक युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** दो माह पहले 7 फरवरी को पुसौर थाने में दर्ज एक गुमशुदा बालिका जो स्कूल जाने के नाम से घर से निकली थी, को पुलिस ने एक युवक के साथ पश्चिम बंगाल से बरामद किया है। थाना पुसौर में 7 फरवरी को नाबालिक बालिका के पिता द्वारा उसकी लड़की के 6 फरवरी को स्कूल जाने और स्कूल से वापस नहीं आने की जानकारी देकर बालिका के गुम हो जाने संबंधी लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। थाना पुसौर में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर गुम बालिका की जांच की गई। बालिका के परिजन सहेलियां एवं जान परिचित से कथन लिया गया जिसमें कोई विशेष जानकारी नहीं मिली। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन पर बालिका का सोशल अकाउंट जांच किया गया । जिसमें बालिका के संपर्क में रहे मित्रों की सूची तैयार कर जांच आगे बढाया गया। जिसमें युवक नवीन कुमार राय निवासी पश्चिम बंगाल की भूमिका संदिग्ध होने पर थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे द्वारा साइबर सेल से संदेही का डिटेल निकलवाया गया।

---

## मतदान दल के प्रशिक्षण में पहुंचकर कलेक्टर ने किया क्रॉसचेक

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 7 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। जिले में मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण प्रारंभ हो चुका है। जिसके तहत आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने रायगढ़ के पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में चल रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।

- प्रशिक्षित कर्मचारियों से हुए सवाल जवाब

इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण से संबंधित प्रश्नोत्तर भी किए। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण कार्य है। मतदान कार्य में निष्पक्ष एवं पारदर्शिता हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए मतदान कक्ष में मोबाइल एवं किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रानिक डिवाइस का प्रयोग प्रतिबंधित करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने मतदान केन्द्र में होने वाले मॉकपोल में बरती जाने वाली सावधानियाएं मॉकपोल के पश्चात सीआरसी कितना महत्वपूर्ण है उसकी भी जानकारी दी। उन्होंने विधानसभा एवं लोकसभा के मतदान में अंतर संबंधित प्रश्न भी किएए जिसका जवाब उन्होंने सबसे पहले समय का परिवर्तन, मतदान के दिन भरे जाने वाले लिफाफे के कलर का ध्यान रखने जैसे विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि मतदान के दिन मॉकपोल के दौरान या मतदान के दौरान मशीनों में खराबी आने पर तत्काल सेक्टर ऑफिसर के साथ एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को सूचना देने की बात कही। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं के बीच सामंजस्य बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी मतदान दलों को अच्छे से प्रशिक्षण लेने और इस प्रशिक्षण के आधार पर ही मतदान दिवस के दिन बेहतर कार्य करने की बात कही।



---

## बालक को कार ने मारी टक्कर, मासूम कोमा में

**रायगढ़।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूल से घर पैदल अपनी दीदी के साथ लौट रहे केजी 2 के मासूम बालक को अपनी चपेट ले लिया। इससे बालक बुरी तरह से चोटिल होने के साथ कोमा में है। इस पूरे प्रकरण में दुर्घटनाकारी वाहन को जब्त करते हुए लैलूंगा पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। गौरतलब हो कि प्रिंस कुमार पटेल पिता श्रीराम पटेल उम्र 6 साल 2 माह ग्राम कुर्रा तहसील लैलूंगा जिला रायगढ़ का निवासी है जो कि गत 27 मार्च को अपने स्कूल आदर्श ग्राम्य भारती मंदिर राजपुर में केजी 2 में पढ़ाई करके अपने दीदी करीना पटेल के साथ अपने घर के लिए पैदल सडक़ किनारे जा रहे थे तभी पीछे से पत्थलगांव की ओर आ रही सफेद कार के चालक ने तेज से लपरवाही पूर्वक चलाते पैदल घर आ रहे छात्र को अपने चपेट में लेकर ठोकर मार दिया। इस दुर्घटना से बालक प्रिंस मौके पर बेहोस होकर गिर गया। तत्पश्चात स्थानीय रहवासी मुकेश कुमार मराठा अपने ही गाड़ी से लेकर गया तभी डॉक्टर देखते ही रायगढ़ के लिए रिफर कर दिया। लैलूंगा से एम्बुलेंस से रायगढ़ ले जाया गया। यहां से भी बेहतर उपचार के लिए बच्चे को रामकृष्ण हॉस्पिटल रायपुर ले रिफर किया गया है, लेकिन बालक की सेहत में कोई सुधार नहीं आया है। वह कोमा में है। दुर्घटना के बाद अस्पताल की तहरीर पर लैलूंगा थाना में 30 मार्च सीजी 13 एक्स 7674 के चालक तथा वाहन मालिक पर जुर्म दर्ज किया गया।




#### अपराध दर्ज

इस पूरे प्रकरण में अपराध दर्ज किया जा चुका है। दुर्घटनाकारित वाहन भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। वर्तमान में बालक की स्थिति गंभीर है और वह स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए राजधानी रायपुर के अस्पताल में भर्ती है। पूरी रिपोर्ट आने पर धारा विस्तारित की जाएगी।

-राजेश जांगड़े, थाना प्रभारी लैलूंगा

---

## रंगोली बनाकर किया गया मतदाताओं को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्वीप कार्यक्रम मतदाता जागरूकता के तहत बुधवार की सुबह जतन केंद्र में रंगोली बनाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नए बीएलओ के साथ मिलकर नए मतदाताओं ने रंगोली बनाई। जिला प्रशासन के निर्देश और नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी के मार्गदर्शन पर सुबह 7 से जतन केंद्र में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान मतदाताओं को जागरूक करने और स्वीप कार्यक्रम के उद्देश्यों को उल्लेखित करने संबंधित रंग बिरंगी रंगोली बनाई गई। रंगोली बनाने में वहां उपस्थित बीएलओ बूथ लेवल ऑफिसरद्ध के साथ नए मतदाताओं ने सहयोग किया।

- जतन केंद्र में आयोजित हुआ कार्यक्रम

उपायुक्त सुतीक्षण यादव ने बताया कि जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा नए मतदाताओं के साथ सभी मतदाताओं को मतदान दिवस दिनांक 7 मई 2024 को उपस्थित होकर शत प्रतिशत मतदान में भाग लेने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में जतन केंद्र में रंगोली बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के नए मतदाताओं ने भी भाग लिया और मतदान करने की शपथ ली। नए मतदाताओं में आंचल यादव, पूर्णिमा यादव, पूजा साहू, श्वेता बरेठ, आस्था राजवाड़े, दिव्या राजवाड़े, कृष्णा चौहान, रमेश महंत ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में मिशन प्रेरक प्रहलाद तिवारी, नगर निगम निर्वाचन के दिलीप महापात्रे, हेमंत सिंह ठाकुर, बीएलओ अनीता नायक सहित अन्य बीएलओ और कर्मचारी उपस्थित।




---

### इधर-उधर भटकने से तंग होकर गांधीवादी रास्ता अपनाया

# न्याय की मांग पर गांधी प्रतिमा के नीचे परिवार का धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

न्याय के लिए इधर उधर भटकने को मजबूर परिवार ने थक हारकर गांधी प्रतिमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप तेज धूप व गर्मी के बीच अनशन पर बैठा परिवार के मुखिया पूर्ण चंद्र वैरागी अपनी पत्नी और बेटे के साथ गांधी प्रतिमा के पास धरने पर बैठे हैं उन्होंने बताया कि एसडीएम से लेकर कलेक्टर जनदर्शन और मंत्री तक कई बार न्याय के फरियाद के लिए मिल चुके है वह भी हम लोग की सिर्फ एक ही मांग घर से आने जाने के लिए रास्ते की मांग को लेकर इधर उधर भटकने के बाद तग हार कर गांधीवादी रास्ता अपनाया है।



न्याय की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करते परिवार के सदस्य।

परिवार का कहना है कि सरकारी जमीन पर सामुदायिक भवन बनाया जा रहा है जो कि मेरे घर के ठीक सामने हैं अगर सामुदायिक भवन बन रहा है इसमें हम लोगों की कोई दिक्कत और परेशानी नहीं है हम लोग सिर्फ इतना चाहते हैं कि हम लोगों को आने जाने के लिए रास्ता दिया जाए नहीं तो हम लोग आना जाना कैसे करेंगे और मेरे घर आने जाने का रास्ता बंद हो जाएगा। गांव के कुछ रसूखदारों के द्वारा हम लोगों को परेशान करने की मनसा से नेताओं के द्वारा अधिकारीयों पर दबाव डालकर परेशान किया जा रहा है। आज हम थक हार कर गांधी प्रतिमा के सामने सुबह से अनशन पर बैठे हैं विदित हो की परिवार के मुखिया कथावाचक हैं उसी से उनका परिवार पालन पोषण होता है अनशन पर बैठे घर के मुखिया के द्वारा श्री कृष्ण भागवत कथा का पाठ कर अनोखा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है देखना लाजमी होगा कि लोकसभा चुनाव के बिजी समय के बाद भी पीड़ित परिवार को न्याय मिलता है या फिर आगे भी भटकना पड़ेगा हालांकि समाचार लिखे जाने तक तहसील कार्यालय से अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से बात करने की कोशिश कर रहे थे।

---

## प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला ने दुकान के सामने दिया बच्चें को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला ने खरसिया चौक स्थित फल दुकान के सामने सड़क पर बच्ची को जन्म दिया है। निजी नर्सिंग होम में चेकअप के लिए आई गर्भवती महिला को प्रसव बाद में होने की बात कह वापस भेज दिया गया था। वह अपने पति के साथ वापस गांव जाने खरसिया चौक पर बस का इंतजार कर रही थी।



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मानपुर बतौली निवासी दंपती मंगलवार को चेकअप कराने निजी नर्सिंग होम अंबिकापुर आया था। जहां सोनोग्राफी के बाद डिलीवरी का समय अभी नही हुआ है यह कहते हुए उन्हें वापस भेज दिया गया। दंपति वापस गांव जाने खरसिया चौक पर बस का इंतजार कर रहे थे तभी महिला को प्रसव पीड़ा तेज होने लगी। गर्भवती महिला ने फल दुकान के सामने खुली सड़क पर बच्ची को जन्म दिया। कुछ ही देर में पहुंची एंबुलेंस की सहायता से महिला और बच्ची को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज मातृ शिशु अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दोनों की स्थिति बेहतर बताई जा रही है।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### दुनिया भर में रिलीज होने के 8 महीने बाद जापान में रिलीज हुई ओपेनहाइमर



**लॉस एंजेलिस।** ऑस्कर विजेता फिल्म ओपेनहाइमर अपनी वैश्विक रिलीज के आठ महीने बाद आखिरकार जापान में रिलीज हो गई है। जबकि दुनिया ने फिल्म की सराहना की, जापान अब तक वैश्विक स्क्रीनिंग से बाहर रखा गया था। क्रिस्टोफर नोलन निर्देशित फिल्म ने जापान के सिनेमाघरों में अपनी जगह बना ली। जापान के सिनेमाघरों में एक चेतावनी दिखाई गई थी, जिसमें कहा गया था कि फिल्म में परमाणु परीक्षणों की तस्वीरें हैं, जो बमों से होने वाले नुकसान का कारण बन सकती हैं। इस महीने की शुरुआत में, ओपेनहाइमर ने ऑस्कर में सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म का पुरस्कार जीता। इसे अमेरिकन फिक्शन, एनाटॉमी ऑफ ए फॉल, बार्बी, द होल्डओवर्स, किलर्स ऑफ द फ्लावर मून, मेस्ट्रो, पास्ट लाइव्स, पुअर थिंग्स और द जोन ऑफ इंटरेस्ट के साथ नामांकित किया गया था। ब्लॉकबस्टर के लिए अन्य जीतों के अलावा, सिलियन मर्फी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की ट्रॉफी हासिल की, रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीता और क्रिस्टोफर नोलन ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता। मर्फी ने अपने स्वीकृति भाषण के दौरान कहा, हमने उस आदमी के बारे में एक फिल्म बनाई, जिसने परमाणु बम बनाया और बेहतर या बदतर के लिए, हम सभी ओपेनहाइमर की दुनिया में रह रहे हैं।

## टॉलीवुड

### राजनीतिक ड्रामा होगी दलपति विजय की 69वीं फिल्म



**चेन्नई।** दलपति विजय अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसी बीच उनकी 69वीं फिल्म को लेकर चर्चा जोरों पर है। रिपोर्ट्स की मानें तो यह फिल्म अभिनेता की आखिरी फिल्म होगी। साउथ सुपरस्टार विजय फिलहाल अपनी आगामी फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच उनकी 69वीं फिल्म पर आए नए अपडेट ने सोशल मीडिया की हलचल बढ़ा दी है। रिपोर्ट की मानें तो, दलपति विजय की 69वीं फिल्म का निर्देशन तमिल निर्देशक एच. विनोत करेंगे, जिन्हें 'सथुरंगा वेट्टई' और 'थेरन अधिगारम' ओन्ड्रू जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। हालांकि, निर्देशक की पिछली दो फिल्में उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। एच. विनोत को कमल हासन के साथ काम करना था, लेकिन किसी कारणवश बात नहीं बन पाई। खबर यह है कि 'दलपति 69' कुछ मजबूत तत्वों के साथ एक राजनीतिक नाटक होगा। कहा जाता है कि टॉलीवुड का प्रोडक्शन हाउस डीवीवी एंटरटेनमेंट, जिसने वैश्विक सनसनी 'आरआरआर' का निर्माण किया था, इस परियोजना का समर्थन कर रहा है। हालांकि, अब तक इन खबरों पर आधिकारिक मुहर नहीं लग पाई है। अभिनेता, निर्देशक या निर्माता की ओर से आधिकारिक पुष्टि से ही इस रहस्य से पर्दा उठ पाएगा। दलपति विजय को आखिरी बार इस साल लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित फिल्म 'लियो' में देखा गया था। फिल्म में तृषा कृष्णन, संजय दत्त, अर्जुन सरजा, गौतम वासुदेव मेनन, मैसस्किन, मैडोना सेबेस्टियन, सैंडी मास्टर और कई अन्य लोग प्रमुख भूमिकाओं में थे। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इसी बीच सुपरस्टार की 69वीं फिल्म से जुड़ी रिपोर्ट मात्र ने फैंस के उत्साह को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है।

## भोजपुरी

### पिछले 20 सालों में सबसे बड़ी फिल्म बनकर उभरी महादेव का गोरखपुर



**मुंबई।** भोजपुरी फिल्मों के बदलते इतिहास की पटकथा लिखी जा चुकी है और यह पटकथा लिखी है मेगास्टार रवि किशन की फ़ल्मि 'महादेव का गोरखपुर' ने। पिछले दो दशकों में सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड इस फ़ल्मि ने तोड़ दिया है और एक नया ट्रेडमार्क सेट कर दिया है। अभी रिपोर्ट लिखे जाने तक कलेक्शन डिटेल में भारी उछाल देखने को मिल रहा है। जब से भोजपुरी सिनेमा का यह तीसरा दौर शुरू हुआ है तब से लेकर अबतक इतनी बड़ी ओपनिंग किसी भी फ़ल्मि को नहीं मिल पाई थी और यह कारनामा 'महादेव का गोरखपुर' ने कर दिखाया है। देशभर में लगभग 200 सिनेमाघरों और अमेरिका के 12 सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फ़ल्मि ने भोजपुरी और हिंदी भाषा मे अपनी सफलता का परचम लहरा दिया है।

अभी इसे तमिल,तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होना बाकी ही है। फ़ल्मि भोजपुरी भाषा में ही बनी है और इसे बाकी भाषाओं में डब करके रिलीज किया जाएगा। 'महादेव का गोरखपुर' भोजपुरी फ़ल्मि इतिहास में अब तक कि सबसे बड़ी फिल्म बनने की राह पर चल पड़ी है। यह एक ऐसी पहली भोजपुरी फ़ल्मि भी बन गई है, जिसकी डबिंग करके साउथ इंडिया की भाषाओं में रिलीज करने की तैयारी है। फ़ल्मि को मिली बड़ी ओपनिंग पर खुशी व्यक्त करते हुए इस फ़ल्मि के एक्टर मेगास्टार रवि किशन कहते हैं कि 'अब दर्शकों के अंदर बदलाव आ चुका है और भोजपुरी फ़ल्मिमेकर्स को इस बदलाव को समझना होगा।

लाइफ स्टाइल

## मौनी की बॉडीकॉन ड्रेस

मौनी रॉय बॉलीवुड की हॉट एक्ट्रेस में से एक हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने हॉट और स्टाइलिश अंदाज को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। वहीं मौनी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। इसके साथ ही हाल ही में मौनी रॉय ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में मौनी बेहद खूबसूरत लग रही हैं। दरअसल, मौनी ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें एक्ट्रेस ने शिमरी कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अलग-अलग पोज देती नजर आ रही हैं।




# फ्लॉलेस मेकअप लुक के लिए फॉलो करें ये टिप्स आएगा नेचुरल निखार और दिखेंगी खूबसूरत...

परफेक्ट मेकअप लुक एक सहज और बहतरीन फिनिश प्राप्त करता है, जो आपके आत्मविश्वास और सुंदर महसूस कराता है। हालांकि, फ्लॉलेस मेकअप लुक पाना काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है, खासकर यदि आप सही तकनीक नहीं जानते हैं या सही उत्पादों का उपयोग नहीं करते हैं। लेकिन अब चिंता मत करो! यहां आपके फ्लॉलेस मेकअप लुक को निखारने के लिए कुछ आसान टिप्स दिए गए हैं।

### फेयर स्किन के लिए

फेयर स्किन टोन वाली महिलाओं को वेज पिंक टिंट वाला फाउंडेशन सलेक्ट करना चाहिए। अगर आपका कॉम्प्लेक्शन यालोइश है तो आप वेज और ओरेंज अंडरटोन फाउंडेशन का इस्तेमाल कर सकती हैं। फेयर स्किन पर आइब्रो के लिए ब्लैक की जगह ब्राउन रंग की आइब्रो पेंसिल ज्यादा बेहतर है। ब्लैक आईलाइनर के साथ ब्राउन आईशैडो का इस्तेमाल करें। फेयर स्किन टोन वालों को गालों पर पिंक या रेज ब्लश का इस्तेमाल करना चाहिए। लाइट मेकअप पर पिंक या न्यूड लिपिस्टिक लगाएं।



### डस्की स्किन के लिए

डस्की स्किन वाली लड़कियों को वर्म टोन वाला फाउंडेशन चूज करना चाहिए। कंसीलर के लिए केरेमल शेड ले सकती है, डार्क सर्कल छुपाने के लिए सही ढंग से कंसीलर का प्रयोग करें। फाउंडेशन को ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से ब्लेंड करें। डस्की स्किन वाले लोग आंखों के लिए ब्राइट कलर के आईशैडो का इस्तेमाल करें, इससे आपकी हाइलाइट अच्छे से होगी। डस्की स्किन के लिए रेड, कॉफी ब्राउन और मूव कलर की लिपिस्टिक बढ़िया लगेगी।

### सांवली स्किन के लिए

सांवली स्किन टोन वाली महिलाओं को ब्राउनिश शेड का फाउंडेशन का उपयोग करना चाहिए। सांवले रंग पर ब्राउन रंग का ब्लश खूबसूरत लगता है। इसके साथ ही आप हाइलाइटर पाउडर का इस्तेमाल करें। आई मेकअप के लिए लाइट कलर यूज करें। स्मोकी आई लुक के लिए आप ब्लैक आईलाइनर को स्मज करके लगाएं और फिर हल्के ब्राउन रंग का आईशैडो लगाएं। सांवले रंग पर लिपिस्टिक के न्यूड शेड्स काफी परफेक्ट लगते हैं।

# फ्लावर वॉल डेकोर के यूनिक आइडियाज देंगे हॉल को न्यू और क्लासी लुक

फैशन



क्या आप अपने घर को एक नया और क्लासी लुक देने की सोच रहे हैं, गर्मी के दिनों में हॉल में कुछ चेंज करना चाहते हैं तो फ्लावर से वॉल डेकोरेशन कर सकते हैं। फूलों से दीवार की सजावट करना खूबसूरत और आकर्षक आइडिया हो सकता है। अपनी पसंद और बजट के मुताबिक इसे आप कस्टमाइज कर सकते हैं। ऐसे में आपको फ्लावर वॉल डेकोर के यूनिक आइडिया बता रहे हैं। जो आपके घर की खूबसूरती बढ़ाने के लिए खाली दीवारों में जान फूंकने का काम कर सकते हैं। इन आइडियाज को फॉलो करने के बाद लोग आपके घर की तारीफ करते नहीं थकेंगे। आपसे यही पूछेंगे कि इतना अच्छा डेकोरेशन आखिरी कैसे किया। ?

**फ्लावर वॉल पेंटिंग या फ्रेम :** हॉल को सुंदर और अट्रैक्टिव लुक देने के लिए फ्लावर वॉल पेंटिंग का सहारा ले सकते हैं। आप अपनी पसंद के हिसाब से फूलों की डिजाइन का सिलेक्शन कर सकते हैं। अगर पेंटिंग बनवाने में मुश्किल लग रही हो तो आप फ्रेम्स भी बना सकते हैं। इसके लिए किसी भी तरह के फूलों को चुन सकते हैं फिर उनका फ्रेम बनवा सकते हैं।

**फूलों के स्ट्रिंग या लटकन :** अगर अपने घर को एक एलिगेंट लुक देना चाहते हैं तो फूलों के स्ट्रिंग या लटकन एक शानदार तरीका हो सकता है। इसके लिए आप कई तरह के फूलों का इस्तेमाल कर सकते हैं, जिन्हें दीवार के सहारे लगा सकते हैं या फिर लटकन की तरह डिजाइन कर सकते हैं। इससे दीवार सिर्फ अच्छी नहीं लगेगी बल्कि अट्रैक्ट भी करेंगी।

**फ्लावर वॉल पेपर :** हॉल को यूनिक लुक देने के लिए फ्लावर वॉल पेपर एक आसान और बजट के मुताबिक बेहतर तरीका हो सकता है। सजावट के लिए अपने घर को फूलों से अपडेट करना हो तो कई रंगों और पैटर्न में फूलों के वॉल पेपर आते हैं, जिनका इस्तेमाल किया जा सकता है। साथ ही आप घर के सामान के कलर का फ्लावर वॉल पेपर ढूंढ सकते हैं।

**फ्लावर वॉल टाइल्स :** घर को कलरफुल और इंटरेस्टिंग बनाने के लिए फ्लावर वॉल टाइल्स भी आपकी मदद कर सकते हैं ये घर को मॉर्डन और एलिगेंट लुक देने का शानदार तरीका है। फूलों की दीवार के लिए टाइल्स कई रंगों और पैटर्न में आते हैं इसलिए घर की सजावट के साथ मेल खाने वाले टाइल्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**फूलों के गुलदस्ते या कॉर्नर :** नेचुरल तरीके से दीवारों को नया लुक देने के लिए फूलों के गुलदस्ते अच्छा ऑप्शन हैं। आप चाहें तो फ्रेशनेस के लिए ताजा फूलों का इस्तेमाल भी सकते हैं या फिर आर्टिफिशियल फूलों से भी सजावट कर सकते हैं। इसमें आपका बजट कम ही लगेगा क्योंकि आर्टिफिशियल फूल सालों साल तक चलेंगे।

# भूल जाएंगी नेल एक्सटेंशन जब जानेंगी जोजोबा ऑयल के फायदे

लड़कियां चाहती है कि उसके नाखून सुंदर और लंबे हों, लेकिन पोषक तत्वों की कमी और सही देखभाल न मिलने के कारण नेल्स की ग्रोथ पर असर पड़ता है। इसकी वजह से हमारे नाखून बढ़ना कम कर देते हैं। ऐसे में नेल एक्सटेंशन की जगह आप कुछ नेचुरल रेमेडीज के इस्तेमाल से नेल ग्रोथ को फिर से बढ़ा सकती हैं।

अगर नेल एक्सटेंशन न करें तो फिर क्या करें? आपके मन में भी यही सवाल आ रहा होगा। जवाब आपके घर में ही मौजूद है। जी हां, और ये उपाय है जोजोबा ऑयल। इसमें विटामिन ई, बी कॉम्प्लेक्स, और मिनरल्स जैसे कि जिंक, कॉपर, और क्रोमियम जैसे आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जो नाखूनों के लिए बहुत जरूरी होते हैं।नाखूनों को मॉइस्चराइज करता है।



### नेल्स के ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करता है

हमारे शरीर के हर हिस्से में ब्लड सर्कुलेशन का ठीक होना जरूरी होता है और जोजोबा तेल भी यही काम करता है। ये तेल नाखूनों में रक्त संचार को बेहतर बनाता है, जिससे इन्हें पोषण और मजबूती मिलती है। जब आपके नाखूनों को सही पोषण मिलेगा तो उनकी ग्रोथ भी अच्छी होगी।


### फंगल इन्फेक्शन से लड़ता है

अक्सर तरह-तरह की नेल पॉलिश और एक्सटेंशन की वजह से हमारे नाखूनों में इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ जाती है। इसकी वजह से नेल्स के आसपास की स्किन सूजकर लाल हो सकती है और वे टूट भी सकते हैं। ऐसे में जोजोबा ऑयल में मौजूद एंटी-फंगल गुण नाखूनों को फंगल इन्फेक्शन से बचाने में मदद करते हैं।

# आइब्रो और पलकों के तेजी से बढ़ाने है हेयर, तो आजमाएं ये घरेलू उपाय

घनी पलकें और भौहें चेहरे की सुंदरता को बढ़ाती हैं। लेकिन बहुत कम महिलाएं ऐसी होती हैं, जिनकी पलकों और भौहों दोनों पर घने बाल होते हैं। अगर आप भी घने बाल चाहती हैं तो आपको अपनी पलकों और भौहों का खास ख्याल रखना होगा। इसलिए आपको कुछ ऐसे ही घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिनका अगर आप रोजाना पालन करेंगे तो आपको जल्द ही अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**जैतून तेल :** ग्रीन टी के पानी की 10 बूंदों में 5 बूंद ऑलिव ऑयल मिलाएं और थोड़ी देर के लिए छोड़ दें। फिर पानी को छान लें। अब इसमें जैतून का तेल मिलाएं और इस मिश्रण को मस्कारा ब्रश की मदद से अपनी पलकों और आइब्रो पर लगाएं। इसे रोजाना इस्तेमाल करें, जल्द ही आपको असर दिखने लगेगा।



**अरंडी का तेल :** 5 बूंद अरंडी का तेल, 5 बूंद नारियल और थोड़ा काजल मिलाएं। अब इस मिश्रण को मस्कारा ब्रश की मदद से पलकों और आइब्रो पर लगाएं। रात को सोने से पहले इसका इस्तेमाल करना सबसे अच्छा है, यह तरीका ज्यादा कारगर होगा।

**पेट्रोलियम जेली:** 1/2 चम्मच पेट्रोलियम जेली में 2 बूंद विटामिन-ई तेल मिलाएं और इसे कांच की छोटी बोतल या कैन में बंद कर लें। अब इस मिश्रण को मस्कारा ब्रश की मदद से पलकों और भौंहों के बालों पर लगाएं। इसे रोजाना इस्तेमाल करें, जल्द ही आपको परिणाम मिलेंगे।

**कच्चा दूध :** एक चम्मच कच्चे दूध के मस्कारा ब्रश को दिन में एक बार भौंहों और पलकों पर लगाएं। यह आपके लिए बहुत कारगर होगा।

**एलोवेरा जेल :** एलोवेरा जेल कम समय में भौंहों और पलकों को घना करने का एक तरीका है। मस्कारा ब्रश से आइब्रो और पलकों पर थोड़ा सा एलोवेरा जेल लगाएं। ऐसा रोजाना करने से आपको कुछ ही दिनों में फायदा होगा।

कार्नर न्यूज

## किचन भले ही छोटा हो लेकिन उसका सुंदर, साफ और व्यवस्थित होना बहुत जरूरी

# किचन क्लीनिंग को लेकर हैं परेशान तो घबराएं नहीं ये आसान तरीके हैं न, चमकदार दिखेगी रसोई

*किचन की ठीक तरह से सफाई इसलिए भी जरूरी है क्योंकि यह सीधे तौर पर हमारे स्वास्थ्य से जुड़ा मामला होता है। किचन भले ही छोटा हो लेकिन उसका सुंदर, साफ और व्यवस्थित होना बहुत जरूरी होता है। अगर किचन ज्यादा बड़ा हो तो उसकी सफाई को लेकर और ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। किचन क्लीनिंग करना घर की महिलाओं के लिए वैसे ही चैलेंजिंग काम होता है। आप भी अगर अपने किचन की सफाई को लेकर परेशान हैं और उसकी क्लीनिंग को लेकर प्लानिंग कर रहे हैं तो हम आपको कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं, जिन्हें फॉलो कर आसानी से किचन की बेहतर तरीके से साफ-सफाई की जा सकती है।*



### सिंक को बेकिंग पाउडर से साफ करें

सिंक साफ करने के लिए उसमें गर्म पानी डालें। फिर उसमें सिरका डालें और सिंक को बेकिंग पाउडर से साफ करें। सिंक की चमक लौट आएगी। किचन की सफाई के दौरान सिंक की सफाई करना भी एक बड़ा काम होता है। सिंक के नल को साबुन या सर्फ से ब्रश की मदद से साफ करें। ध्यान रखें कि सिंक में या स्टील के नलों में एसिड लगने पर हमेशा के लिए उसके दाग पड़ जाते हैं।

### कैबिनेट्स को साफ करने के लिए लिक्विड सोप करें यूज

बर्तन माजने के स्क्रबर से अच्छी तरह से कैबिनेट को रगड़कर साफ किया जा सकता है। उसके बाद एक साफ कपड़े को गीला कर कैबिनेट को पोछ लें। किचन कैबिनेट्स को साफ करना भी चुनौतीपूर्ण काम होता है। इसके लिए सफेद सिरका और लिक्विड सोप का इस्तेमाल किया जा सकता है।



### टाइल्स सफाई के लिए सिरका का करें उपयोग

टाइल्स पर अगर ज्यादा चिकनाई जम गई है और सामान्य तरीके से साफ नहीं हो पा रही है तो घर में इस्तेमाल किए जाने वाले एसिड से टाइल्स को रगड़ें इससे सारी गंदगी साफ हो जाएगी। किचन का इस्तेमाल करने के दौरान सबसे ज्यादा गैस स्टैंड के पास की दीवार की टाइल्स खराब होती हैं। उन्हें साफ करने के लिए बर्तन धोने के स्क्रबर का इस्तेमाल करें। उसमें साबुन या सर्फ लगाएं और टाइल्स को रगड़ें। इसके बाद एक साफ कपड़ा लेकर पानी से टाइल्स को साफ करें। टाइल्स की पुरानी चमक लौट आएगी। टाइल्स सफाई के लिए सिरका, बेकिंग सोडा, अमोनिया और ब्लीच का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।



# अल्लू के बर्थडे पर आउट होगा पुष्पा 2 का टीजर

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन कुछ दिनों बाद अपना 42वां बर्थडे सेलिब्रेट करने जा रहे हैं। इस मौके को और खास बनाने के लिए पुष्पा 2 की टीम फिल्म का दूसरा टीजर रिलीज करने जा रही है। मंगलवार को पुष्पा 2 के टीजर रिलीज की आधिकारिक घोषणा की गई है। फिल्म का नया पोस्टर रिलीज करने हुए मेकर्स ने फिल्म के टीजर रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। पुष्पा 2 का टीजर अल्लू अर्जुन के बर्थडे यानी 8 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा। वहीं, फिल्म के नए पोस्ट की बात करें, तो इसमें पैर में घुंघरू बांधे एक पैर को दिखाया गया है, जो पुष्पा राज का हो सकता है।

लाइफ Style

# सामंथा

## एटली की अपकमिंग मूवी में एंट्री

एजेंसी ⏭ मुंबई

क्या आप साउथ के तीन जाने-माने चेहरों की तिकड़ी को साथ में देखना चाहते हैं? ये तिकड़ी है शाहरुख खान की 'जवान' फिल्म के डायरेक्टर एटली, 'पुष्पा' स्टार अल्लू अर्जुन और फेमस एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु की। सामंथा ने पहले अल्लू अर्जुन और एटली दोनों के साथ ही काम किया है।

एटली अपनी अपकमिंग मूवी के लिए अल्लू अर्जुन का नाम फाइनल कर चुके हैं और अब वो हीरोइन के रूप में सामंथा को बोर्ड में लेना चाह रहे हैं। दोनों के बीच बातचीत चल रही है। अभी ऑफिशियल अनाउंसमेंट आना बाकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, एटली अब अल्लू अर्जुन के साथ धमाका करने के लिए तैयार हैं। दोनों अक्टूबर 2024 से इस फिल्म पर काम शुरू करेंगे। दोनों ने सब्जेक्ट को फाइनल कर लिया है और एटली ने इस प्रोजेक्ट के लिए कास्टिंग का प्रोसेस शुरू कर दिया है।

प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि एटली अपनी फिल्म की हीरोइन के लिए सामंथा रुथ प्रभु से बातचीत कर रहे हैं। अगर ये खबर सही साबित होती है तो सामंथा और अल्लू एक बार फिर से साथ में स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। 'पुष्पाः द राइज' फिल्म में सामंथा का आइटम सॉन्ग था, जो खूब पॉप्युलर हुआ था। सूत्र का कहना है कि सामंथा और एटली के बीच पुराने समय से ही बहुत अच्छा रिश्ता रहा है। दोनों पहले 'थेरी' फिल्म में साथ काम कर चुके हैं। अगर सामंथा, अल्लू अर्जुन और एटली की तिकड़ी साथ में काम करती है तो ये उनका री-यूनियन होगा। बताया जा रहा है कि इस फिल्म का बजट बहुत ज्यादा होने वाला है।



हॉलीवुड मसाला




# ट्रैक सूट में दिखा कूल लुक

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल जूलिया फॉक्स को उनके रिस्की और डेरिंग आउटफिट्स के लिए जाना जाता है। लो-राइज जींस हो या कोई क्लासिक लेदर आउटफिट एक्ट्रेस हर ड्रेस को अपने ही स्टाइल में कैरी करती हैं। हाल ही में जूलिया फॉक्स की एयरपोर्ट से कुछ तस्वीरें सामने आईं, जिसमें उनका कूल लुक देखने को मिल रहा है। तस्वीरों में जूलिया फॉक्स ब्लू कलर के वेलवेट ट्रैक सूट में नजर आ रही हैं। उन्होंने मिनिमल मेकअप, शेड्स से लुक को पूरा किया है। एयरपोर्ट पर हसीना स्टाइलिश अंदाज में पोज दे रही हैं।




# ट्रोलिंग से परेशान लिज्जो ने ट्रोलर्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**लॉस एंजेलिस।** सिंगर-सॉन्गराइटर लिज्जो ने अपने आलोचकों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। 35 वर्षीय सिंगर ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक लंबा नोट शेयर किया और कहा कि वह लोगों द्वारा किए जाने वाले इंटरनेट ट्रोलिंग से थक गई हैं। लिज्जो ने लिखा, मैं बस अच्छा म्यूजिक बनाना चाहती हूं, ताकि लोगों को खुश कर सकूं और दुनिया को जैसा मैंने पाया, उससे थोड़ा बेहतर बनाने में मदद कर सकूं। लेकिन मुझे ऐसा लगने लगा है कि दुनिया मुझसे ऐसा नहीं चाहती। मैं लगातार मेरे बारे में बोले जाने वाले झूठ का विरोध करती हूं। मैं कैसी दिखती हूं, इसको लेकर हर बार मजाक बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि उनके करेक्टर को वो लोग गलत ठहरा रहे हैं, जो उन्हें जानते तक नहीं और उनके नाम को बदनाम कर रहे हैं। हालांकि, सिंगर ने यह नहीं बताया कि इस पोस्ट के पीछे क्या कारण है, लेकिन कमेंट सेक्शन में उनके दोस्त और फैंस उत्साहवर्धक कमेंट कर रहे हैं।




# क्रू ने किया 30 करोड़ का आकड़ा पार

**मुंबई।** फिल्म 'क्रू' ने 29 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक दी है। इस फिल्म को रिलीज के साथ ही बेहतरीन रिस्पॉन्स मिल रहा है। मूवी में तीनों हसीनाओं ने अपनी एक्टिंग का ऐसा जादू बिखेरा की फिल्म ने महज तीन दिनों में ही शानदार कमाई कर डाला। ऐसे में अब 'क्रू' के चौथे दिन के शुरुआती आंकड़े सामने आ चुके हैं। 'क्रू' में करीना, तब्बू और कृति ने एयर होस्टेस का रोल निभाया है। तीनों की तिकड़ी ने ऑडियंस को जमकर एंटरटेन तो किया ही है साथ ही खूब हंसाया भी है। चार दिन में फिल्म की कुल कमाई 30.78 करोड़ रुपए हो गई है। क्रू भले ही बॉक्स ऑफिस पर अपना कब्जा जमा रही है, लेकिन इसके सामने कई बड़ी फिल्में मुकाबले के लिए खड़ी हैं। अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' लगातार बॉक्स ऑफिस पर कमाई के रिकॉर्ड बना रही है तो वहीं दूसरी तरफ सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'योद्धा' भी सामने खड़ी है।



# मोस्ट अवेटेड फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। काफी समय से इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे फैंस ट्रेलर देखकर काफी खुश हैं और अब फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। ट्रेलर की शुरुआत होती है प्रियमणि से, जो कहती हैं वैसे पूरी इंडिया में किसी को नहीं लगता कि हम जीते हैं पर आपको लगता है। कब? इसके बाद दिखाया जाता है कि अजय भारत के लिए एक फुटबॉल की टीम तैयार कर रहे हैं। वह चुन-चुनकर खिलाड़ी लेकर आते हैं जहां मैनेजमेंट से भी उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। देश का नाम रोशन करने के बीच अजय के खिलाफ जब पूरी दुनिया हो जाती है तो कैसे वह लड़ते हैं यही मैदान की कहानी है। ट्रेलर को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

# पूजा की लाइफ में प्यार की एंट्री रोहन मेहरा संग स्पॉट हुई एक्ट्रेस

**मुंबई।** एक्ट्रेस पूजा हेगड़े अपनी निजी जिंदगी के मामले में लो प्रोफाइल रहती हैं। लेकिन वो इस बार कथित बॉयफ्रेंड रोहन मेहरा के साथ स्पॉट की गईं। दोनों की तस्वीरें मुंबई के बांद्रा में पपाराज़ी ने लीं। पूजा और रोहन को एक ही कार में साथ जाते हुए भी देखा गया। पूजा कथित तौर पर पिछले कुछ समय से रोहन को डेट कर रही हैं। वह दिवंगत एक्टर विनोद मेहरा के बेटे हैं। रोहन ने 2018 में सैफ अली खान के साथ 'बाजार' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। रोहन का नाम पहले 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' स्टार तारा सुतारिया के साथ जोड़ा गया था। हालांकि, मई 2019 में दोनों के अलग होने की खबरें आने लगीं। 2023 में पूजा तब सुर्खियों में आईं जब कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि वह मुंबई के एक क्रिकेटर को डेट कर रही हैं और जल्द ही उनके साथ शादी के बंधन में बंधेंगी। एक्ट्रेस ने इन अफवाहों को झूठ बताते हुए खारिज कर दिया। पिछले महीने पूजा मिस वर्ल्ड 2024 के ग्रैंड फिनाले में जजों में से एक थीं। पपाराज़ी के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि लाइफ सर्कल पूरा हो गया है क्योंकि मैं कॉम्पटिशन में रनर अप रही थी, लेकिन आज मैं इसे जज कर रही हूं। वर्कफ्रंट पर, पूजा को आखिरी बार सलमान खान के साथ 'किसी का भाई किसी की जान' में देखा गया था।



# मोहिना कुमारी के घर गूंजी नन्हीं शहजादी की किलकारी



**मुंबई।** टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता फेम मोहिना कुमारी सिंह के घर हाल ही खुशियों ने दस्तक दी है। मोहिना कुमारी का घर आखिरकार किलकारियां गूंज उठी है। एक्ट्रेस ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया। बता दें कि अभी तक खुद मोहिना ने सोशल मीडिया के जरिए ये जानकारी अपने फैंस को नहीं दी है। इस बारे में हालांकि अभी और जानकारी सामने नहीं आ पाई है हालांकि उनके फैन पेज ने मोहिना के दूसरी बार मां बनने की खबरों को लेकर कई पोस्ट किए हैं। देखना होगा कि अदाकारा के परिवार से ये न्यूज कब तक कंफर्म हो पाती है। मोहिना ने 14 अक्टूबर 2019 को उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री व आध्यात्मिक गुरु सतपाल महाराज के छोटे बेटे सुयश रावत के साथ शादी रचाई थी। उस समय इस शाही शादी की चर्चा पूरे देश में हुई थी। शादी के करीब ढाई साल बाद कपल ने 15 अप्रैल 2022 एक प्यारे से बेटे का स्वागत किया, जिसका नाम उन्होंने रेयांश रखा है। वहीं अब कपल दूसरी बार पेरेंट्स बना। फिलहाल हमें एक्ट्रेस की बेटी की तस्वीर का इंतजार है। हम मोहिना और सुयश रावत को बच्चे को ढेर सारी बधाई देते हैं।

# 2025 में आएगा फर्जी का सीक्वल



**मुंबई।** शाहिद कपूर ने 'फर्जी' से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर खूब धूम मचाई। इस सीरीज को काफी पसंद किया गया। वहीं फैंस इस सीरीज़ के सीक्वल का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। इस बीच 'फर्जी 2' की रिलीज को लेकर नया अपडेट सामने आया हैं। इसमें बताया गया कि फर्जी 2 अगले साल की शुरुआत में शुरू होगी। वहीं शाहिद कपूर ने एक इंटरव्यू में फर्जी के सीक्वल को लेकर कहा था, तो निश्चित रूप से फ़र्ज़ी का दूसरा सीज़न आएगा। जिस तरह से इस सीरीज़ का पहला पार्ट खत्म हुआ था वह काफी अच्छा था। इसलिए बहुत कुछ होने की संभावना है। हालांकि मैंने अभी तक ओटीटी के लिए किसी भी चीज़ के लिए हां नहीं कहा है, लेकिन फर्जी 2 ज़रूर बनेगी। बता दें फर्जी वेब सीरीज में विजय सेतुपति एक पुलिसकर्मी की भूमिका में नजर आए थे, जबकि शाहिद कपूर ने एक चोर की भूमिका निभाई थी, जिसने सभी को चौंका दिया था। इस सीरीज में शाहिद कपूर और विजय सेतुपति के अलावा केके मेनन, राशि खन्ना और भुवन अरोड़ा भी नजर आए थे।




# टॉक्सिक में नजर आएंगी करीना और कियारा

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार यश इन दिनों अपकमिंग मूवी 'टॉक्सिक' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन का काम जारी है। अब कास्टिंग को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि फिल्म में एक नहीं, बल्कि तीन-तीन हसीनाएं होंगी, जिनमें से दो का नाम भी फाइनल हो गया है। ये दो हसीनाएं बॉलीवुड से चुनी गई हैं। इनका नाम करीना कपूर खान और कियारा आडवाणी बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, टॉक्सिक में तीन-तीन लीडिंग एक्ट्रेसेस होंगी। बोर्ड में करीना कपूर खान और कियारा आडवाणी को शामिल कर लिया गया है। मेकर्स जल्द ही इसको लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी करने वाले हैं। सूत्र ने ये भी खुलासा किया है कि करीना फिल्म में यश की बहन का रोल करने वाली हैं। अगर ऐसा होता है तो करीना इस फिल्म से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करेंगी। बताया जा रहा है कि ये फिल्म ड्रग कार्टेल पर बेस्ड है, जो गोवा में समंदर के किनारे धड़ल्ले से चल रहा है। हाल ही में फिल्म के सेट से एक फोटो और वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें यश डायरेक्टर के साथ शूटिंग और लोकेशन को लेकर प्लानिंग बना रहे थे। इस फिल्म को रिलीज होने में अभी काफी वक्त है। कहा जा रहा है कि ये अगले साल 2025 में रिलीज हो सकती है।

## सलीम ने कर दी थी संजीव की तारीफ, खफा हो गए थे राजेश, बंद कर दी बातचीत

# संजीव कुमार के कारण आ गई थी सलीम खान और राजेश खन्ना की दोस्ती में खटास

**मुंबई।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार राजेश खन्ना के रुतबे और रौब की कई कहानियां सुनने को मिल जाती हैं। फैंस के दिलों पर राज करने वाले राजेश खन्ना किसी के आगे झुकने वालों में से नहीं थे। कई बार काका का ये रवैया उनके रिश्तों के बीच भी आया। ऐसा ही एक किस्सा राजेश खन्ना का सलीम खान से जुड़ा हुआ है, जब संजीव कुमार की तारीफ करने पर वो नाराज हो गए थे। राजेश खन्ना और सलीम खान के बीच गहरी दोस्ती रही थी।



### कैसे शुरू हुआ किस्सा

राजेश खन्ना और सलीम खान की दोस्ती में खटास तब आ गई थी, जब एक मैग्जीन में संजीव कुमार का आर्टिकल छपा और उसमें सलीम खान का जिक्र था। रिपोर्ट के अनुसार, एक बार राजेश खन्ना बांद्रा के महबूब स्टूडियो में अपनी किसी फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। इस दौरान उनके हाथ एक मैग्जीन लगी, जिसने संजीव कुमार पर कवर स्टोरी की थी, इसमें सलीम जावेद ने उनकी तारीफ की थी और उन्हें एक मंझा हुआ कलाकार बताया था।

### सलीम को भेजा बुलावा

राजेश खन्ना ने मैग्जीन पढ़ते ही अपने ड्राइवर से सलीम खान को लेकर आने के लिए कहा। उनका घर महबूब स्टूडियो के पास ही था। ड्राइवर उन्हें लेने पहुंचा और कहा कि काका ने आपको बुलाया है। इस पर सलीम खान ने कहा कि ठीक है मैं तैयार होकर आता हूं, लेकिन ड्राइवर ने जोर देते हुए कहा कि अभी चलना होगा काका ने तुरंत बुलाया है।



### सलीम से रूठे काका

राजेश खन्ना ने सलीम जावेद से पूछा तो आपको लगता है कि संजीव कुमार एक अच्छे अभिनेता हैं ? जवाब देते हुए सलीम खान ने कहा-हां, बिल्कुल। अगर कोई मैग्जीन आप पर कवर स्टोरी करेगा, तो मैं आपकी भी तारीफ करूंगा। इतना सुनते ही राजेश खन्ना उठे और वहां से चले गए। इसके बाद 6 महीनों तक उन्होंने सलीम खान से कोई बात नहीं की और राब्ता खत्म कर दिया।

3-APR- RAG-Bhoomi pg 4_Layout 1 4/3/2024 10:01 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### ग्राम झलमला के छात्र विशेष का नवोदय में चयन



**झलमला।** जिले पुसौर विकास खंड के अन्तर्गत आने वाले ग्राम झलमला न्यू ब्रिलियंट स्कूल के होनहार छात्र विशेष महाश्वेरी पिता पुरषोत्तम महाश्वेरी का नवोदय विद्यालय में चयनित होने से न्यू ब्रिलियंट स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाए व स्कूल संचालक योगेश पटेल ने विशेष महाश्वेरी बधाई देते हुए प्रसन्नता जाहिर करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### हितग्राहियों से रिश्वत लेने वाले रोजगार सहायक की सेवा समाप्त

**सारंगढ़।** जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत झुमका में कार्यरत ग्राम रोजगार सहायक निर्मला बकावले के विरुद्ध हितग्राहियों से अवैध रूप से राशि वसूल किए जाने की शिकायत प्राप्त हुआ था। शिकायत पर किए गए जांच प्रतिवेदन के निष्कर्ष अनुसार संबंधित ग्राम रोजगार सहायक की तत्काल सेवा समाप्त किया गया है। इस आशय के पत्र परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान ने जारी किया है।

### घरघोड़ा में छग कलार महासभा की बैठक



**घरघोड़ा।** छग कलार महासभा की बैठक मंगलवार को घरघोड़ा में बुलाई गई थी जिसमें समाज के उत्थान एवं चुनाव संबंधी कार्यों की चर्चा एवं संचालन किया गया तथा समाज को आगे बढ़ाने हेतु समाज के सभी वर्गों को आगे आकर जन हित में भी काम करने की अपील की गई। विगत बैठक ग्राम मालीडीह में कांग्रेस एवं भाजपा के दो विधायकों द्वारा कलार समाज का सामुदायिक भवन घरघोड़ा में बनाने हेतु सहयोग राशि देने का वायदा किया गया जिसको .पुनरूयाद करते हुए उनसे संपर्क कर किया हुआ पिछला वायदा को पूरा करने का आग्रह किया गया। सामुदायिक भवन को अतिशीघ्र बनाने का संकल्प लिया गया धरमजयगढ़ परिक्षेत्र कलार समाज को सुदृढ़ एवं प्रगतिशील बनाने हेतु पदाधिकारी का भी चयन किया गया जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव आदि पदों का निर्विरोध चुनाव हुआ। जिसमें अध्यक्ष कीर्तन जायसवाल, उपाध्यक्ष राजकुमारी डनसेना, सचिव एकेश्वर कुमार डनसेना को चुना गया तथा मुख्य रूप से सदस्य रामलाल डनसेना, मालिक राम डनसेना नितेश डनसेना विनय डनसेना जय किसन डनसेना मीना डनसेना राधा डनसेना इत्यादि लोग शामिल रहे। ये कार्य विशेष रूप से कलार महासभा के महाध्यक्ष विजय जायसवाल, निर्वाचन अधिकारी रूपेंद्र जायसवाल रायगढ़ परिक्षेत्र से अध्यक्ष संतोषी डनसेना आदि की उपस्थिति में किया गया।

### नवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर माँ बंजारी धाम में बैठक



**तमनार।** सर्वशक्तिपीठ माँ बंजारी धाम तराईमाल में बासंतिक चैत्र नवरात्र पर्व 67 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन हेतु विभिन्न व्यवस्थाओ का दायित्व हेतु तैयारियां बैठक 1अप्रेल सोमवार को रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के दिशा निर्देशन में एसडीएम घरघोड़ा रमेश कुमार मोर की अध्यक्षता में तहसीलदार तमनार श्रीमती रिचा सिंह, थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी, बीएमओ डॉ एके मिंज, मंदिर समिति सदस्य कार्यकर्ताओ, औद्योगिक प्रतिनिधि, स्थानीय सेवको दानदाताओ की उपस्थिति में रखा गया। बता दें कि मां बंजारी धाम में चैत्र नवरात्र पर्व कार्यक्रम 8 अप्रैल कलश यात्रा, 9 अप्रैल नवरात्रि दीप प्रज्वलन प्रारम्भ, 17 अप्रैल महानवमी विशाल हवन पूजन कन्या भोज महाभण्डारा होगी। एसडीएम रमेश कुमार मोर ने कहाकि नवरात्र पर्व हेतु समिति सदस्य सेवकों श्रद्धा भक्तिभाव से समर्पित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। पूजन दर्शन प्रसाद महा भंडारा बेहतर व्यवस्था में सहयोग करें।

### छेड़खानी मामले में दो गिरफ्तार भेजे गए रिमांड पर

**रायगढ़।** सिटी कोतवाली रायगढ़ की पुलिस द्वारा बालिका से छेड़खानी और उसके घरवालों से गाली गलौच अभद्रता करने वाले दो आरोपी. भानू अधिकारी उर्फ अर्जुन अधिकारी पिता स्वर्गीय गणेश बहादुर उम्र 50 साल, विवेक चंद्रा उर्फ विक्की पिता स्व. मोहपाल चंद्रा उम्र 48 साल निवासी ढिमरापुर नया जगतपुर वार्ड क्रमांक 4 थाना कोतवाली जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। घटना को लेकर बालिका की मां द्वारा 19 दिसंबर 2023 को थाना कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध लिखित आवेदन देकर उसकी लड़की पर गंदे कमेंटस, अश्लील हरकतें और घरवालों से गाली गलौच करने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

### धारदार हथियार लहराते युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** सोमवार 1 अप्रैल के शाम थाना धरमजयढ़ अंतर्गत ग्राम उदउदा बैगापारा में एक व्यक्ति के द्वारा गांव बस्ती में खुली तलवार लेकर रास्ते से आने जाने वाले लोगों को डराने धमकाने की सूचना थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम को मिली। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा थाने से सहायक उप निरीक्षक डेविड टोप्पो के आरक्षक तिरिथ राठिया और दिलेश चन्द्रा को मौके के लिए रवाना किया गया।

## अपर कलेक्टर ने किया मतदान दलों के ट्रेंनिग का निरीक्षण

# निर्वाचन कार्य में निष्पक्षता, पारदर्शिता बनाए रखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने विकासखण्ड पुसौर स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल औरदा में चल रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पाण्डेय ने सभी मतदान दलों को पूर्ण मनोयोग से ट्रेंनिंग प्राप्त करने को कहा। उन्होंने कहा कि अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें, जिससे निर्वाचन कार्य आसान होगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में निष्पक्षता और पारदर्शिता को बनाए रखने के साथ ही बेहतर तरीके से कार्य भी करना है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान दलों से कहा कि प्रशिक्षण में निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की शंका या समस्या होने पर शीघ्र पूछ सकते हैं, ताकि निर्वाचन के हर प्रक्रिया की बेहतर जानकारी हो एवं कहीं त्रुटि की गुंजाईश ना रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पाण्डेय ने कहा कि पूरे दिन का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि निर्वाचन की प्रक्रिया की बारीकियों को बेहतर तरीके से समझ सके। इस दौरान उन्होंने मॉक पोलए मतदान दिवस पर उपस्थिति पश्चात कार्य, बैठक व्यवस्था, वेब कॉस्टिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बनाए गए आदर्श मतदान केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी अधिकरियों को अपने मताधिकार का उपयोग करने को कहा। उन्होंने बताया कि मतदान अधिकारियों के लिए ईडीसी की सुविधा प्रदान की जाएगी। जिसके माध्यम से सभी निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मचारी अवश्य मतदान करें।



मतदानदलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण करते अपर कलेक्टर।

## औरदा में तहसील स्तरीय मतदान दल का प्रशिक्षण

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम औरदा के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में 2 अप्रैल से बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर तहसील स्तरीय मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है जो आगामी 5 अप्रेल तक चलेंगे। उक्ताशय को लेकर तहसीलदार नेहा पाण्डेय ने बताया कि आसन्न लोक सभा चुनाव को सम्पन्न कराने प्रतिदिन 200 कर्मचारी मतदान प्रक्रिया के लिए 2 पारी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस बिच एसडीएम प्रविण तिवारी तथा अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय ने आकर प्रशिक्षुओं को मतदान प्रक्रिया से संबंधित कई जानकारिया मुहैया कराते हुए निर्देश दिए। इसी कडी ने तहसीलदार पाण्डेय ने बताया कि पोलिंग बुथ में इवीएम मशीन की स्थिति वोटर को पोंलिंग बुथ में प्रवेश तथा केमरे आदि की स्थिति को ध्यान में रखते हुए एक रिहर्सल भी किया जा रहा है ताकि किसी भी प्रकार का चुक मतदान को लेकर न हो।





## गर्मी बढ़ते ही खैरपुर, जामगांव के जंगलों में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**रायगढ़।** गर्मी बढ़ते ही जंगल में आग लगने की घटना शुरू हो जाती है। जहां बीते शाम रायगढ़ रेंज के खैरपुर व जामंगा क्षेत्र में दावानल के घटना घटित हुई। जंगल में लगे आग के प्वाईंट की सूचना विभाग को मिलने के बाद आग पर काबू पाने के लिए विभागीय अमला जूट गया है।

इस संबंध में विभागीय अमला से मिली जानकारी के मुताबिक बीते शाम वन परिक्षेत्र रायगढ़ में खैरपुर बीट के कक्ष क्रमांक 994 आरएफ में दावानल की सूचना विभाग को मिली। जिसके बाद वन अमला द्वारा आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन बुधवार तक यहां आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था और वन अमला आग को बुझाने का प्रयास कर रहे थे। वहीं रायगढ़ रेंज के ही जामगा सर्किल के मनुआपाली बीट के कक्ष क्रमांक 982 पीएफ क्षेत्र के जंगल में आग लगने की घटना घटित हुई। जहां सूचना मिलने के बाद आग को बुझा लेने की बात कही जा रही है। वहीं बताया जा रहा है कि महुआ के लिए आग लगा दिया जाता है और उसी का आग वन क्षेत्रों तक पहुंच जाती है। जिसके कारण दावानल की घटनाएं घटित होती है।

### पहले की गई थी तैयारी

विदित हो कि विभाग द्वारा दावा किया गया था कि जंगल में आग लगने की घटना घटित न हो इसके लिए तैयारी की गई है। फायर लाईन कटाई के साथ ही कई तरह के उपाए किए गए थे, पर लगातार दावानल की घटना से विभाग के दावों की भी पोल कहीं न कहीं खुल रही है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन का समय बदला

**रायगढ़।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में गर्मी की अधिकता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए मात्र ग्रीष्मकाल की अवधि अर्थात 8 अप्रैल से 15 जून तक आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय 6 घंटे से घटाकर 4 घंटे किया गया है। इसी तरह केन्द्र संचालन का समय प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक होगा। जिले में 2706 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है।

## बूचड़खाने जा रहे 25 मवेशी कराए गए मुक्त, दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर कोडासिया छापरपानी मार्ग पर दो व्यक्तियों को कृषक मवेशियों को क्रूरता पूर्वक मारते पीटते बूचडखाने ले जाते समय पकड़ा गया है।

रात्रि थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगडे को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति कृषक मवेशियों को भूखे प्यासे मारते पीटते क्रूरता पूर्वक हांकते हुए जंगल के रास्ते अन्य राज्यों के बुचडखाना ले जा रहे हैं। सूचना पर रात्रि गस्त दौरान थाना प्रभारी द्वारा अलग.अलग रास्तों पर स्टाफ लगाया गया। सुबह करीब 04.30 बजे ग्राम कोडासिया छापरपानी के बीच दो व्यक्ति आरोपी फतेराम सिदार पिता चनक राम सिदार 26 वर्ष निवासी मुडाबहला कर्राजोर थाना बागबहार जिला जशपुर लोचन प्रसाद राठिया पिता बलदेव राठिया 25 वर्ष निवासी मालपानी थाना घरघोडा जिला रायगढ़ छत्तीसगढ को पुलिस टीम ने पकड़ा जिनके कब्जे से 25 नग मवेशियों को जब्त किया गया है। आरोपियों के कृत्य पर थाना लैलूंगा में धारा 4, 6, 10, 11 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगडे, सुमेश गोस्वामी, रामरतन भगत, आरक्षक मया राम राठिया, हेलारियुस तिर्की शामिल थे।



### रास्ता रोककर युवती से छेड़खानी, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** खरसिया पुलिस ने युवती से छेड़खानी के आरोपित भुवन लाल पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम टेमटेमा को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। कल थाना खरसिया में पीड़ित युवती रिपोर्ट दर्ज करायी कि 30 मार्च को अपने कार्य के सिलसिले में ग्राम सोण्डका गई थीए जहां से लौटते समय पण्डरीपानी पुल के पास ग्राम टेमटेमा का भुवन पटेल मोटर सायकल से पीछा करते हुए आया और उलटी.सीधी बातें कहकर छेड़खानी करने लगा। युवती बताई कि जब वह अपनी स्कुटी पर जाने लगी तो भुवन पटेल उसे नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर हाथापाई पर उतारू हो गया। आरोपी भुवन पटेल के विरूद्ध थाना खरसिया में धारा 354, 354, घ, 506 आईपीसी 323, 341 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर पीड़ति महिला का कथन लिया गया ।

## नगरीय वार्ड में पानी की किल्लत से परेशान हो रहे लोग

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 8 के मंदिर परिसर के रहवासियों को आए दिन पानी की कील्लत झेलनी पड रही है। उक्त परिसर के लोगों के पास प्रायः बडे तालाब के नलकूप से नल कनेक्शन है जिसमें प्रायः उक्त नलकूप खराब होने अथवा समय पर संचालित न कर पाने अथवा लाईट नहीं रहने की वजह से इन्हें पानी नहीं मिल पाने की बात सामने आता रहा है।

इसे ध्यान में रखकर बिते कुछ दिन पहले भग्न आखाडा घर के पास नगर पंचायत प्रबंधन द्वारा अध्यक्ष रितेश थवाईत के मद से एक नलकूप खनन करवाया गया था। उक्त वार्ड के पार्षद व नगर पंचायत उपाध्यक्ष मोहित सतपथी के पहल से सीएमओ क्षितिज सिंह ने उक्त नलकूप का पानी इसमें सप्लाई देने के लिए पूरी तैयारी कर ली है और कुछ ही दिन बाद वार्ड वासियों को पानी की किल्लत से पूरी तरह से निजात मिलने के असार नजर आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत पुसौर के पास पेय जल मुहैया कराने महानदी जल आवर्धन नल कनेक्षन, नगर पंचायत परिसर स्थित नल कनेक्शन एवं बडे तालाब नलकूप के नल कनेक्शन से लोगों को पानी वितरित की जाती है इसमें जल आवर्धन वितरण व्यवस्था भी ठप्प हो गई थी आगामी गर्मी को ध्यान में रखते हुए इसे भी सुधारा जा चुका है और कुछ ही दिन में इसका पानी भी लोगों को मिलेगा। अब देखना है ये व्यवस्था कितना और कब तक कारगर होगी।



## शराब महंगी होने से सुराप्रेमियों में निराशा

**पुसौर।** आसन्न लोक सभा चुनाव में लागू हुए आदर्श आचार संहिता के बीच ही देशी व विदेशी शराब के दरों में वृद्धि होने से मदिरा प्रेमियों में खलबली मची हुई है चूंकि इन्हें ये अनुमान नहीं था कि चुनाव के समय ऐसा हो सकता है। ज्ञात हो कि सबसे कम दर के 80 रूपए पाव के देशी शराब अब 90 रूपए में बिक्री हो रहे हैं जिसका भण्डारण भी अनियमित है जिससे शराब दुकान बंद भी रहती है ऐसे स्थिति में शराब प्रेमियों को ज्यादा दर का शराब लेकर अपना गला तर करना पड रहा है। लोगों का मानना है कि महिला वंदन योजना के तहत दी जा रही प्रति माह एक हजार रूपए की भरपाई कहीं शराब का दर बढा कर तो नहीं किया जा रहा है? वहीं कुछ लोगों का मानना है कि बढे हुए शराब दर केन्द्रीय नेतृत्व के वोट स्तर को प्रभावित कर सकता है। इस तरह के कयास लोगों के बीच लगाये जा रहे हैं जो चुनाव परिणाम को प्रभावित करे न करें लेकिन गरीब गुरूबा मदिरा प्रेमियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।



## 50 लाख कैश जब्त होने के बाद कलेक्टर एसपी ने बार्डर चेकपोस्ट का किया मुआयना

**रायगढ़।** रेंगालपाली बेरियर पर एक कार में 50 लाख कैश मिलने के बाद कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने देर रात बार्डर चेकपोस्ट का निरीक्षण करते हुए चौकसी बढाए जाने के निर्देश दिए। दोनों आला अधिकारियों ने रेंगालपाली चेक पोस्ट से होकर गुजरने वाले वाहनों की हो रही जांच का मुआयना किया। उन्होंने चेक पोस्ट में तैनात टीम से गाडिय़ों की जांच के संबंध में जानकारी ली और जांच रजिस्टर का अवलोकन किया। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव व अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय इस दौरान साथ रहे। कलेक्टर श्री गोयल व पुलिस अधीक्षक श्री पटेल ने इस दौरान गुजर रहे गाडिय़ों को रुकवा कर जांच भी करवाई। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है।





## चौथी लाइन का विस्तार शुरू, बिछाई जा रही रेलपांत

**रायगढ़।** रायगढ़-झारसुगड़ा रेलवे लाइन में चौथी लाइन रेलवे ट्रेक बिछाने का काम किया जा रहा है। मंगलवार को चक्रधर नगर फाटक को बंद करने के बाद वहां पर चौथी लाइन बिछाने का निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया है। रेलवे के अफसरों के मुताबिक आने वाले दो से तीन दिनों तक रेलवे क्रासिंग को बंद कर रेलवे ट्रैक बिछाया जाएगा। मंगलवार की सुबह से बुलडोजर और जेसीबी लगाकर काम शुरु करा दिया गया। आने एक दो दिनों तक क्रांसिंग बंद रहने से आम लोगों को कलेक्ट्रोरेट होकर चक्रपथ से होकर गोपी टॉकिज तरफ आना होगा।

## बीएससी नर्सिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन 7 तक

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ में शासकीय और निजी कॉलेजों में वर्ष 2024-25 शैक्षणिक सत्र में स्नातक बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए और छत्तीसगढ़ राज्य का टीईटी परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 07 अप्रैल निर्धारित है। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन भरने के बाद 08 अप्रैल से 10 अप्रैल तक त्रुटि सुधार की सुविधा भी रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट और पर ऑनलाईन 07 अप्रैल तक भर सकते है। छत्तीसगढ़ राज्य का टीईटी परीक्षा 23 जून को निर्धारित है। व्यवसायिक परीक्षा मण्डल के संयुक्त नियंत्रक जे सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन कोई परीक्षा शुल्क अभ्यर्थियों से नहीं लिया जाएगा। स्कूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 और संशोधन नियम 2022 के प्रावधानों के तहत की जाएगी। बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 13 जून को आयोजित होगी।

## निधन/श्रद्धांजलि

### केएस मूर्ति



**रायगढ़।** सीइसीआर मजदूर कांग्रेस के महामंत्री केएस मूर्ति के आकस्मिक निधन पर रायगढ़ शाखा द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर दिवंगत के आत्मशांति की प्रार्थना की गई। इस मौके पर रेलवे मजदूर यूनियन ने स्व. मूर्ति के द्वारा संगठनहित में किए गए कार्यो को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### धनुर्जय कसेर



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी सेवानिवृत्त राज्य परिवहन विभाग के कर्मचारी धनुर्जय कसेर का 2 अप्रैल को निधन हो गया। वे लगभग 78 वर्ष के थे। उनके निधन से नगर में शोक का माहौल निर्मित हो गया।

